# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


## ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान के असली चेहरे को किया उजागर : अमित शाह।

Publisher

Published on 19 May 2025



## ‘ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को आईना दिखाया’: अमित शाह का बड़ा बयान।

**अहमदाबाद :** केंद्रीय गृहमंत्री **अमित शाह** ने रविवार (18 मई 2025) को अहमदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में ‘**ऑपरेशन सिंदूर**’ का जिक्र करते हुए पाकिस्तान पर भारत की बड़ी कार्रवाई को ऐतिहासिक करार दिया। शाह ने कहा कि भारत ने इस बार सिर्फ **POK** तक नहीं, बल्कि पाकिस्तान की सीमा के 100 किमी अंदर तक घुसकर आतंकियों के अड्डों को नष्ट किया।

**“पहले की सर्जिकल और एयर स्ट्राइक POK तक सीमित थीं, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर मे भारत ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर ब्रह्मोस मिसाइल से हमला किया,” – अमित शाह**

शाह ने कहा कि यह पहली बार है जब भारत ने आतंकवादियों के ठिकानों को पाकिस्तान की धरती पर निशाना बनाकर उन्हें पूरी तरह समाप्त कर दिया। इस दौरान स्वदेशी ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली का प्रयोग हुआ और पाकिस्तान चीन से ली गई अपनी वायु रक्षा प्रणाली तक उपयोग में नहीं ला सका।

**‘ऑपरेशन सिंदूर’ के मुख्य बिंदु :**

१. भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के “**अभेद्य**” माने जाने वाले क्षेत्रों में भीषण तबाही मचाई।

२. आतंकियों के ठिकानों के साथ-साथ उनकी **योजना** और **नियंत्रण केंद्र** भी नष्ट किए गए।

३. 7 मई को पाक सेना के अधिकारी आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए, जिससे उनका गठजोड़ उजागर हुआ।

**पीएम मोदी की रणनीतिक इच्छाशक्ति का असर**

अमित शाह ने यह भी कहा कि पीएम मोदी की सख्त नीति और सेना की ताकत ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दे दिया है — अब खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। उन्होंने यह भी दोहराया कि भारत पाकिस्तान से सिर्फ दो मुद्दों पर ही बातचीत करेगा: **POK की वापसी और आतंकवाद का खात्मा।**

### मेहसाणा मे ₹1050 करोड़ का निवेश, नए प्रोजेक्ट का उद्घाटन

शाह ने इसी दौरे में मेहसाणा जिले में नर्सिंग कॉलेज और '**फाल्कन एग्रीफ्रिज फूड्स**' की आलू उत्पाद इकाई का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह निवेश गुजरात को वैश्विक फ्रोजन आलू उत्पाद केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: **www.samacharwani.com**

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.